पंजाब केसरी 15/09/2024

कालेज के प्रतिभा खोज कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

अम्बाला, 14 सितम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज के सभागार में शनिवार को प्रतिभा खोज कार्यक्रम का शानदार आयोजन किया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।

कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त, सांस्कृतिक गतिविधियों के निदेशक डा. राजेंद्र देशवाल एवं अन्य स्टाफ सदस्यों ने सभागार में दीप प्रज्वलित कर प्रतिभा खोज कार्यक्रम का शुभारंभ किया और विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

अपने संबोधन में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के निर्देशानुसार जी.एम.एन. कालेज के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर सभी दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि मंच पर न केवल विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व का भी विकास होता है।

कार्यक्रम की संयोजिका डा. मंजीत कौर ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को अपनी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है। कालेज के सांस्कृतिक विभाग के निदेशक डा. राजेंद्र देशवाल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से विद्यार्थियों के मानसिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विकास में भी योगदान मिलता है।

आयोजन में भाग लेने से विद्यार्थियों को मंच पर अपनी कला और ज्ञान को निखारने का मौका मिलता है। समारोह में डा. कृष्ण पूनिया, डा. अनुराधा, डा. नीना, डा. ज्योति, डा. शिखा जग्गी, डा. मीनू राठी, डा. अनुपमा सिहाग, डा. नियति, डा. नेहा, डा. तृप्ति शर्मा, डा. अमिता, डा. रितु गुप्ता, प्रो. कमलेश, प्रो. सुजाता, प्रो. सुषमा, जस्मिता, लवप्रीत सिंह, सृष्टि, डा. जसवीर कौर, डा. सरोज, डा. रवनीत, डा. भारती विज, डा. पिंकी, डा. अंशु एवं डा. उपिन्द्र कौर आदि मौजूद रहे।

गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में प्रतिभा खोज कार्यक्रम के विजेता को सम्मानित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (देवदत्त)

गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में प्रतिभा खोज कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी। (देवदत्त)

इन विद्यार्थियों ने मारी बाजी

नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बी.कॉम की दीपजोत कौर रही तो बी.कॉम की तनिष ने द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान पर बीकॉम की कोमल रही। संगीत वादन प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम वर्ष के विकास ने प्रथम स्थान हासिल किया तो दूसरे स्थान पर बी.ए. प्रथम वर्ष के सनम दीप सिंह रहे और तृतीय स्थान बी.बी.ए. की छात्रा मुस्कान एवं बी.ए. प्रथम वर्ष की सुमन ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया।

गायन प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम वर्ष के सनमदीप सिंह प्रथम स्थान पर रहे तो बी.बी.ए. प्रथम वर्ष की मुस्कान ने दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि तीसरा स्थान देवी प्रीत को मिला।

नृत्य की प्रस्तुति देती छात्रा। (देवदत्त)